Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Need to construct Railway Foot Over Bridge from Najaibad Malgodam to Adarsh Nagar in Nagina Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री गिरीश चन्द्र (**नगीना**): सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने क्षेत्र के लोक महत्व के प्रश्न पर दिलाना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र नगीना, उत्तर प्रदेश के नजियाबाद, मालगोदाम से आदर्श नगर तक फुट ओवर ब्रिज बनाने की मांग दो दशकों से चली आ रही है। इस ब्रिज के न होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नजियाबाद में हमारे जो छात्र-छात्राएं जाते हैं या जो अन्य लोग भी जाते हैं, वे फुट ओवर ब्रिज न होने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। नजियाबाद रेलवे ट्रैक पर लगभग 150 गाड़ियां रोज गुजरती हैं। ऐसे में रेलवे ट्रैक को पार करना खतरे से खाली नहीं है। इस नगर की आबादी के बीच, रेलवे क्रासिंग के बीच अनेकों दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से चाहता हूं कि नजियाबाद में मालगोदाम से आदर्श नगर तक फुट ओवर ब्रिज बनाने का काम शुरू करे।